प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 03.04.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नमो ऐप रैली में प्रदेश की दस लोकसभा सीटों के बूथ कार्यकर्ताओं को किया संबोधित।
2. लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिये विभिन्न प्रत्याशियों ने आज दाखिल किया नामांकन : चार अप्रैल तक भरे जा सकेंगे पर्चे : छब्बीस अप्रैल को होगा मतदान।
3. भाजपा के वरिष्ठ नेता और गृहमंत्री अमित शाह ने आज मुजफ्फरनगर में जनसभा को किया संबोधित : मुरादाबाद में लोकसभा कोर ग्रुप की बैठक में लिया हिस्सा।
4. बहुजन समाज पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अपने 12 उम्मीदवारों की तीसरी लिस्ट की जारी : मथुरा से बदला प्रत्याशी, अब सुरेश सिंह लड़ेंगे चुनाव। और
5. उत्तर प्रदेश पुलिस की सिपाही भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में मुख्य आरोपित राजीव नयन मिश्रा को एसटीएफ ने ग्रेटर नोएडा से किया गिरफ्तार।

————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि एक बूथ कार्यकर्ता के लिए अपने आसपास के घटनाक्रम के बारे में जागरूक रहना बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि वह भाजपा का चेहरा है। हमें बूथ स्तर पर उचित और सर्वोत्तम तैयारी सुनिश्चित करनी होगी, ताकि हम प्रत्येक बूथ पर रिकॉर्ड जीत दर्ज कर सकें। श्री मोदी ने आज नमो ऐप के जरिये एक डिजिटल रैली को संबोधित करते हुए यह बातें कहीं। डिजिटल रैली में उत्तर प्रदेश में तीसरे चरण में मतदान में जाने वाले संभल, बदांयू, बरेली, आंवला, एटा, हाथरस, आगरा, फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद और मैनपुरी लोकसभा सीटों के 22 हजार 6 सौ 48 बूथों के कार्यकर्ता शामिल हुए। इस मौके पर श्री मोदी ने कुछ बूथ अध्यक्षों से बातचीत भी की।

अपने संबोधन के दौरान श्री मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में उत्तर प्रदेश के भाजपा कार्यकर्ताओं ने हमेशा देश के राजनीतिक विशेषज्ञों को गलत साबित किया है। यूपी बीजेपी के कार्यकर्ता क्या जानते हैं, इसका अंदाज़ा

बड़े–बड़े जानकार भी नहीं लगा सकते। चाहे लोकसभा चुनाव हो या विधानसभा चुनाव, कार्यकर्ताओं की मेहनत नये कीर्तिमान बना रही है। उन्होंने कहा कि सभी पुराने चुनावी रिकॉर्ड तोड़ने के संकल्प के साथ काम करें।

————————

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिये आज गौतम बुद्ध नगर लोकसभा सीट पर 11 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसमें भारतीय जनता पार्टी के डॉक्टर महेश शर्मा, अखिल भारतीय परिवार पार्टी के मनीष कुमार द्विवेदी, भारतीय राष्ट्रीय जनसत्ता पार्टी के नरेश नौटियाल, जय हिंद नेशनल पार्टी के राजीव मिश्रा, लोकतांत्रिक जनशक्ति पार्टी की कुमारी शालू, सुपर पावर इंडियन पार्टी के रण सिंह डुडी, निर्दलीय शिवम आशुतोष, रोदास गुप्ता, मोहम्मद मुमताज आलम, रितु सिन्हा और इखलाक सम्मिलित हैं। अब तक कुल 18 प्रत्याशी इस सीट पर नामांकन करा चुके हैं। अमरोहा में आज 12 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन कराया। नामांकन कराने वालों में कांग्रेस से कुंवर दानिश अली समेत अन्य प्रत्याशी शामिल हैं। इस सीट के लिए अब कुल 17 नामांकन हो चुके हैं।

बुलंदशहर लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी भोला सिंह ने भाजपा के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की मौजूदगी में नामांकन भरा। गाजियाबाद से भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग ने आज नामांकन किया।

मेरठ हापुड़ लोकसभा सीट से आज समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी व सरधना विधानसभा सीट से विधायक अतुल प्रधान और बसपा उम्मीदवार देवव्रत त्यागी ने नामांकन दाखिल किया। इस सीट पर भाजपा उम्मीदवार अरूण गोविल पहले ही नामांकन दाखिल कर चुके हैं। वहीं अलीगढ़ में आज 4 प्रत्याशियों ने नामांकन जमा किए।

दूसरे चरण की आठ सीटों पर चार अप्रैल तक नामांकन दाखिल हो सकेंगे। पांच अप्रैल को इन नामांकन पत्रों की जांच होगी। आठ अप्रैल नामांकन वापसी की आखिरी तारीख होगी। इन सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान होगा।

————————

निर्वाचन आयोग ने चुनाव में भ्रामक सूचनाओं के प्रसार से निपटने के लिए मिथ वर्सेस रियलिटी के नाम से एक प्लेटफार्म की शुरूआत की है। इसे निर्वाचन आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर देखा जा सकता है। एक रिपोर्ट...

*इस प्लेफार्म के जरिये सूचनाओं की पुष्टि, भ्रामक सूचनाओं और मिथकों के प्रसार पर रोक लगाने तथा आम चुनाव के दौरान प्रमुख मुद्दों के बारे में जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इस प्लेटफॉर्म पर चुनाव से जुडी भ्रामक सूचनाओं, सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर चल रहे मिथकों, महत्वपूर्ण विषयों के बारे में आमतौर पर पूछे जाने वाले सवालों तथा सभी संबंधित पक्षों के लिए विभिन्न वर्गों के अन्तर्गत संबंधित सामग्री उपलब्ध कराई गई है। इस प्लेटफॉर्म पर सूचनाओं को नियमित आधार पर अपडेट किया जायेगा। समाचार कक्ष से जया भारती।*

————————

लोकसभा चुनाव में प्रदेश के सभी हवाई अड्डों पर आने वाली व्यावसायिक उड़ानों पर एयर इंटेलिजेंस यूनिट्स नजर रख रही है। ये इकाइयां हवाई मार्ग से नगदी और अन्य कीमती सामान की आवाजाही को देख रही है। इस संबंध में सूचना व शिकायत प्राप्त करने के लिये टोल फ्री नम्बर– 18001807540 और व्हाट्सएप नम्बर– 6388736373 के साथ एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर आयकर विभाग ने हवाई अड्डों पर एयर इंटेलिजेंस यूनिट्स–एआईयू की स्थापना की है। लखनऊ और वाराणसी में स्थायी रूप से एआईयू कार्यरत है।

————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट एन0आई0सी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

————————

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने आज गाजियाबाद में चुनाव रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो गया है और 2027 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने को तैयार है।

————————

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और गृहमंत्री अमित शाह ने आज मुजफ्फरनगर में भाजपा प्रत्याशी संजीव बालियान के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। श्री शाह ने कहा कि एक समय था जब यहां इज्जत की जिंदगी जीने वालों का पलायन होता था लेकिन अब योगी आदित्यनाथ की सरकार के कार्यकाल में गुंडों का पलायन हो रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में पूर्व की सरकारों के समय में चीनी मिलें बंद हुईं लेकिन अब नई चीनी मिलें खोलने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि चौ. चरण सिंह ने देश भर के किसानों के लिए अपनी आवाज बुलंद की थी। उस महान किसान नेता को मरणोपरांत देश का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न देने का काम हमारी सरकार ने किया है। जनसभा में रालोद नेता  जयंत चौधरी भी शामिल हुए। जनसभा के बाद श्री शाह ने मुरादाबाद में लोकसभा कोर ग्रुप की बैठक में हिस्सा लिया।

---

बहुजन समाज पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अपने उम्मीदवारों की तीसरी लिस्ट जारी कर दी है। बसपा की इस लिस्ट में 12 उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। इसमें मथुरा से उम्मीदवार को बदला गया है, अब सुरेश सिंह यहां से चुनाव लड़ेंगे। वहीं लखनऊ से बीजेपी के उम्मीदवार रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के खिलाफ मायावती ने सरवर मलिक को टिकट दिया है। बसपा ने गाजियाबाद से नंदकिशोर पुंडीर, अलीगढ़ से हितेंद्र कुमार उर्फ बंटी उपाध्याय, मैनपुरी से गुलशन देव शाक्य, खीरी से अंशय कालरा रॉकीजी, उन्नाव से अशोक कुमार पांडे, मोहनलालगंज से राजेश कुमार उर्फ मनोज प्रधान, कन्नौज से इमरान बिन जफर, कौशांबी से शुभ नारायण, लालगंज से इंदू चौधरी और मिर्जापुर सीट से मनीष त्रिपाठी को टिकट दिया है।

---

उत्तर प्रदेश पुलिस की सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में मुख्य आरोपित राजीव नयन मिश्रा को यूपी एसटीएफ टीम ने ग्रेटर नोएडा के परी चौक से गिरफ्तार कर लिया है।

सिपाही भर्ती परीक्षा लीक मामले में अब तक 300 से अधिक आरोपितों की गिरफ्तारी हो चुकी है। राज्य सरकार ने परीक्षा लीक मामले की निष्पक्ष जांच और कार्रवाई के लिए एसटीएफ को लगाया था। आरोपित राजीव नयन मूलरूप से प्रयागराज के ग्राम अमोरा का रहने वाला है। वह भोपाल के भरतनगर में भी रहा

है। पूछताछ में प्रकाश में आया है कि गुड़गांव के अलावा राजीव ने रीवा के भी एक रिसोर्ट में अपने गैंग के साथ अभ्यर्थियों को पेपर पढ़वाया था। पूर्व में वह एनएचएम घोटाले में ग्वालियर और यूपी टेट पेपर लीक में कौशांबी से जेल जा चुका है।

(समाप्त)